Alberta

# समाचार विज्ञप्ति

# सीखने के अंतराल को बंद करने के लिए स्कूलों के लिए अधिक अनुदान

१४ फरवरी, २०२३

## अलबर्टा की सरकार शुरुआती कक्षाओं में सीखने की बाधाओं से निपटने और छात्रों की जरूरतों की जटिलता को दूर करने के लिए अपनी २०२२-२३ के अनुदान प्रतिबद्धता को दोगुना कर रही है।

शिक्षा के प्रारंभिक वर्ष दीर्घ काल तक सीखने में सफल  होने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अलबर्टा की सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अलबर्टा में सभी ग्रेड १ के छात्र, बाद की कक्षाओं में सफल होने के लिए आवश्यक मूलभूत कौशल विकसित करें। सरकार ग्रेड १ के उन छात्रों की सहायता के लिए इस वर्ष अतिरिक्त १० मिलियन डॉलर प्रदान कर रही है, जिन्हें मूलभूत गणित और साक्षरता के क्षेत्रों में ग्रेड स्तर तक पहुँचने में सहायता की आवश्यकता है।

## पिछले समर्थन में बढ़ोतरी

यह अनुदान महामारी से संबंधित सीखने की बाधाओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई अन्य सहायता के अतिरिक्त है।

२०२१-२२ में, सरकार ने कक्षा १ से ३ के छात्रों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के लिए ४५ मिलियन डॉलर प्रदान किए। इसके परिणामस्वरूप, ७०,००० छात्रों ने लगभग सात महीने की साक्षरता और संख्यात्मक विकास का औसत हासिल कर लिया। डेटा ने यह भी संकेत दिया कि लगभग २० प्रतिशत छात्रों को आवशयक स्तर तक पहुंचने के लिए हस्तक्षेप की आवश्यकता थी।

Classification: Public

उन छात्रों की अतिरिक्त सहायता करने के लिए, अलबर्टा की सरकार ने स्कूल के अधिकारियों को छात्रों के इस समूह, जो अब ग्रेड २ से ४ में हैं, का समर्थन जारी रखने में मदद करने के लिए १० मिलियन डॉलर और प्रदान किए।

हमारे शोध और स्कूल के अधिकारियों, शिक्षकों और माता-पिता से मिली प्रतिकिर्या से संकेत मिलता है कि ग्रेड १ में छात्रों को पढ़ पाने और गणित कौशल में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और किंडरगार्टन या प्रीस्कूल में सीखने की बाधाओं से प्रभावित थे, और इनमें से कई छात्रों के लिए, ग्रेड १, उनका स्कूल में सीख लेने का पहला वर्ष है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि प्रारंभिक बचपन की शिक्षा जो कि छात्रों के लिए सीखने में विकास का अभिन्न अंग- कई छात्रों के लिए महामारी के दौरान प्रभावित हुई थी, अलबर्टा की सरकार विशेष रूप से ग्रेड १ के छात्रों के लिए १० मिलियन डॉलर प्रदान कर रही है। सरकार ग्रेड १ के छात्रों के लिए यह अनुदान साल के इस समय प्रदान कर सकती है क्योंकि स्कूलों के पास  पिछले महीनों में इन शिक्षार्थियों के साथ काम करने और उनकी सटीक जरूरतों को निर्धारित करने के लिए समय था।

प्रारंभिक साक्षरता और प्रारंभिक संख्यात्मक कौशल बच्चे की दीर्घकालिक शैक्षणिक उपलब्धि के प्रबल भविष्यवक्ता हैं। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि जो छात्र अभी स्कूल में शुरुआत कर रहे हैं वे मूलभूत कौशल विकसित कर सकें जिनकी उन्हें बाद की कक्षाओं में निर्माण करने की आवश्यकता होगी। अनुसंधान से पता चला है कि यदि शिक्षक संघर्षरत शिक्षार्थियों को जल्दी पहचान क्र लें और उनकी जल्दी मदद कर दें, तो वे छात्र ग्रेड स्तर तक अपेक्षाकृत जल्दी पहुँच सकते हैं। अल्बर्टा के सबसे कम उम्र के छात्रों को अब अतिरिक्त सहायता प्रदान करके, सरकार भविष्य में सीखने की कठिनाइयों को रोकने में मदद करेगी।

स्कूल अधिकारियों के पास अपने छात्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए कार्यक्रमों को तैयार करने की छूट होगी। उदाहरण के लिए, वे अतिरिक्त शिक्षकों और शैक्षिक सहायकों को नियुक्त कर सकते हैं, अपने कर्मचारियों को अधिक प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं या किताबें जैसे संसाधन खरीद सकते हैं और ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच बना सकते हैं।

## ख़ास तथ्य

- ग्रेड १ के छात्रों को जिन्हें अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है, के समर्थन के लिए १० मिलियन डॉलर के अनुदान, महामारी के कारण शैक्षणिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों

चुनौतियों का सामना करने वाले छात्रों के लिए तीन वर्षों में ११० मिलियन डॉलर प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

- स्कूल के अधिकारी इस फंडिंग के लिए तुरंत आवेदन करना शुरू कर सकते हैं। स्कूल वर्ष के पहले चार महीनों में  शिक्षकों को छात्रों का आकलन करने और अतिरिक्त हस्तक्षेप और समर्थन की आवश्यकता वाले छात्रों की पहचान करने के लिए समय दिया गया।
- २०२२ के बजट में छात्रों की विशिष्ट शिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लर्निंग सपोर्ट फंडिंग के लिए १.४ बिलियन डॉलर भी शामिल हैं।.
- २०२१-२२ में लर्निंग डिसरप्शन प्रोग्रामिंग के परिणामस्वरूप, स्कूल अधिकारियों ने सूचित किया कि :
    - उनके छात्रों कि सफलता में बढ़ोतरी अनुभव की
    - छात्रों का आत्मविश्वास और जुड़ाव बढ़ा
    - उन्हें माता-पिता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली
    - शिक्षकों, शैक्षिक सहायकों, प्रशासकों, हस्तक्षेपकर्ताओं और विभागीय नेतृत्व के बीच हस्तक्षेपों को डिजाइन करने और छात्रों की सफलता का आकलन करने में व्यावसायिक विकास और सहयोग में वृद्धि हुई
- सितंबर २०२२ से शुरू होकर, स्कूल अधिकारियों को ग्रेड १ से ३ तक के सभी छात्रों के लिए साक्षरता और संख्यात्मक जांच का मूल्यांकन करना आवश्यक है। ग्रेड २ और ३ के छात्रों का मूल्यांकन इस स्कूल वर्ष की शुरुआत में किया गया था, और ग्रेड १ के छात्रों का मूल्यांकन जनवरी २०२३ के अंत तक किया गया था। सरकार इस वर्ष के लिए जो अधिकतर १० मिलियन डॉलर देकर यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि ग्रेड १ के जो छात्र अपने ग्रेड स्तर से पीछे हैं, उन्हें आवश्यक समर्थन प्राप्त हो।
- स्कूल के अधिकारी छात्रों की प्रगति को मापने के लिए स्कूल वर्ष के अंत में उनका पुनर्मूल्यांकन करेंगे।.
- छात्रों का उनके प्रारंभिक वर्षों में आकलन करना शिक्षकों, अभिभावकों और सरकार को छात्रों के संभावित सीखने के मुद्दों और जरूरतों के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करता है, और यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को जल्द से जल्द मदद मिले।

## सम्बंधित जानकारी

- के-१२ स्कूलों में आगे बढ़ना

## सम्बंधित खबर

**प्रारंभिक वर्षों में छात्र की सफलता के लिए सीखने का आकलन महत्वपूर्ण है** (Apr 20, 2022)

Classification: Public